**सं.1(2)/2025-समन्वय**
**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**लोक उद्यम विभाग**
*****

**जून, 2025 माह के लिए लोक उद्यम विभाग का मासिक सार**

**1. सीपीएसई का संचालन:**

i. लोक उद्यम विभाग (डीपीई) ने 13 जून, 2025 को डीएचआर के तहत धारा 8 कंपनी के रूप में 'मेडिकल इनोवेशन डेवलपमेंट एक्सेलेरेशन काउंसिल (एमआईडीएसी)' की स्थापना करने पर स्थापना व्यय समिति (सीईई) ज्ञापन पर अपनी टिप्पणी भेजी।

ii. डीपीई ने 16 जून, 2025 को कंपनी (समझौते, ठहराव और समामेलन) नियम, 2016 के नियम 25 में प्रस्तावित संशोधन पर अपनी टिप्पणियां भेजीं।

**2. एमओयू-सीपीएसई का कार्यनिष्पादन मूल्यांकन:**

**वर्ष 2024-25 के लिए**: समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाले 90 सीपीएसई के निष्पादन का मूल्यांकन लेखापरीक्षित लेखाओं की उपलब्धता के बाद अक्टूबर, 2025 में शुरू होगा।

**वर्ष 2025-26 के लिए**: वर्ष 2025-26 के लिए समझौता ज्ञापनों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में, जून, 2025 के अंत तक 65 सीपीएसई (87 में से) के लिए समझौता ज्ञापन लक्ष्यों को अंतिम रूप दिया गया है।

**3. अंतर-मंत्रालयी बैठकें और आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए)/मंत्रिमंडल नोट:**

(i) जून, 2025 माह के दौरान 01 सीजीडी बैठक में भाग लिया गया।

(ii) जून, 2025 माह के दौरान अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) की 01 बैठक में भाग लिया गया।

(iii) डीपीई ने राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के साथ प्रशिक्षण भागीदार के रूप में 23 से 27 जून, 2025 तक गंगटोक में 'सार्वजनिक खरीद और अनुबंध प्रबंधन' पर 5-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें सीपीएसई/एसएलपीई के 40 अधिकारियों ने भाग लिया।

(iv) डीपीई ने आईआईएम, जम्मू के साथ प्रशिक्षण भागीदार के रूप में, 18 से 20 जून, 2025 तक जम्मू में 'जनरेटिव एआई फंडामेंटल्स फॉर लीडर्स' पर 3 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें सीपीएसई/एसएलपीई के 30 अधिकारियों ने भाग लिया।

**4. एमएसई से खरीद:**

जून, 2025 तक सीपीएसई द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्यमों से लगभग 40.38% की खरीद की गई है (एमएसएमई-संबंध पोर्टल पर 88 सीपीएसई के साथ रिपोर्टिंग की गई है)।

**5. क्षमता निर्माण:**

(i) ओएनजीसी के सहयोग से, 2 और 3 जून, 2025 को सीपीएसई के नव नियुक्त स्वतंत्र निदेशकों के क्षमता निर्माण के लिए एक गैर-आवासीय अभिविन्यास कार्यक्रम देहरादून में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विभिन्न सीपीएसई के 29 स्वतंत्र निदेशकों ने भाग लिया, जिसमें भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र पर परिप्रेक्ष्य, बोर्ड रूम नैतिकता और बोर्ड संस्कृति, परिवर्तनकारी नेतृत्व, बोर्ड बैठकों के लिए सचिवीय मानक और वित्तीय विवरणों को समझने से संबंधित सत्र प्रतिष्ठित संकाय द्वारा लिए गए थे।

(ii) डीपीई के 90 कर्मचारियों (वाईपी/वाईए सहित) ने जून, 2025 तक आई-जीओटी पोर्टल पर 3302 पाठ्यक्रम पूरे कर लिए हैं।

(iii) लोक उद्यम विभाग के कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के भाग के रूप में लोक उद्यम विभाग के 3 अधिकारियों ने कंपनी के कार्यकरण से परिचित होने के लिए एनएलसी इंडिया लिमिटेड का परिचय (एक्सपोजर) दौरा किया।

**6. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व**

सचिव, डीपीई की अध्यक्षता में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में चुनिंदा 21 सीपीएसई की सीएसआर गतिविधियों की समीक्षा करने के लिए 13 जून, 2025 को स्कोप कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में एक बैठक आयोजित की गई।

**7. संपत्ति मुद्रीकरण:**

(i) यह सूचित किया जाता है कि सरकारी संस्थाओं की नीलामी के बिना सीधे बिक्री के लिए बीएसएनएल/एमटीएनएल/आईटीआई अचल संपत्तियों की मूल्यांकन पद्धति के संबंध में, 12 जून, 2025 को मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई थी।

(ii) इसके अलावा, मुद्रीकरण के लिए बीएसएनएल/एमटीएनएल और आईटीआई की अभिज्ञात गैर-प्रमुख परिसंपत्तियों के संबंध में भावी राह पर चर्चा करने के लिए, सचिव, डीपीई की अध्यक्षता में और सचिव, दूरसंचार विभाग की सह-अध्यक्षता में 18 जून, 2025 को एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी।

**8. एएमआरसीडी मामलों की स्थिति: -**

अद्यतन स्थिति के अनुसार, पोर्टल पर 211 मामले रिपोर्ट किए गए/पंजीकृत किए गए। वित्तीय सलाहकारों के स्तर पर 51 मामलों को खारिज कर दिया गया। 51 मामलों का निपटारा कर दिया गया है और 83 मामले सचिवों की समिति के पास निर्णयाधीन हैं। शेष 26 मामले जांच और अनुमोदन के लिए संबंधित वित्तीय सलाहकारों के पास लंबित हैं। **ब्यौरा अनुलग्नक क, ख, ग में दिया गया है।**

*****